नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Rajdhani - 24 Jul 2023 - 24raj1
epaper.navabharat.news

रविवि का चतुर्थ चक्र का नैक मूल्यांकन सम्पन्न

नवभारत ब्यूरो । रायपुर।

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् (नैक) द्वारा नामित 6 सदस्यीय पियर टीम द्वारा 20 से 22 जुलाई तक पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय का चतुर्थ चक्र के नैक-मूल्यांकन के सन्दर्भ में निरीक्षण किया गया। इस अवधि में टीम के सदस्यों ने विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं प्रशासनिक विभागों के साथ - साथ विभिन्न अवस्थापना सुविधाओं का नैक द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अन्तर्गत मूल्यांकन किया। विवि प्रबंधन ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा जुलाई 2022 में नैक को ऑनलाइन मध्यम से प्रस्तुत की गई रिपोर्ट के आधार पर नैक द्वारा नामित 6 सदस्यीय टीम ने शैक्षणिक सत्र 2016-17 से सत्र 2020-21 के मध्य

विश्वविद्यालय द्वारा अर्जित शैक्षणिक उपलब्धियों के सत्यापन के सन्दर्भ में तीन दिनों तक निरीक्षण किया। नैक मूल्यांकन की प्रक्रिया के अन्तर्गत 70% भाग का मूल्यांकन विश्वविद्यालय द्वारा नैक को ऑनलाइन मध्यम से प्रस्तुत की गई रिपोर्ट के साथ अपलोड किए गए दस्तावेजों के आधार पर तथा 30% भाग का मूल्यांकन नैक पियर टीम द्वारा किए गए भौतिक निरीक्षण के आधार पर किया जाता है। टीम द्वारा नैक को प्रस्तुत रिपोर्ट की एक प्रति सील बंद लिफाफे में कुलपति को भी इस निर्देश के साथ प्रस्तुत की गई कि नैक द्वारा मूल्यांकन ग्रेड घोषित किए जाने के उपरान्त इस रिपोर्ट को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर प्रदर्शित करने के साथ-साथ शासन को भी उपलब्ध कराया जाए।